# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

**वर्ग-5**

शुक्रवार, तिथि 01 फाल्गुन, 1947 ( श० ) / 20 फरवरी, 2026 ( ई० )

प्रश्नों की कुल संख्या 181

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ( 1 ) | ऊर्जा विभाग | .. | .. | 30 |
| ( 2 ) | स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 108 |
| ( 3 ) | पर्यटन विभाग | .. | .. | 30 |
| ( 4 ) | आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 03 |
| ( 5 ) | योजना एवं विकास विभाग | .. | .. | 04 |
| ( 6 ) | विधि विभाग | .. | .. | 06 |
| | | | कुल योग -- | 181 |

पौराणिक स्थल विकसित करने के संबंध में

'क'-*185. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड पकरीबरावां के ग्राम-बुधौली में पौराणिक काल से ही बौद्ध मठ, 10 एकड़ का तालाब, 52 कोठी, 53 द्वार, दुर्गा मंडप इत्यादि भव्य ढंग से बना हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुधौली के उक्त स्थलों की विशिष्ठ को देखने के लिये सालो भर पर्यटक आते रहते हैं, परन्तु पर्यटकों की सुविधा के लिये वहाँ कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकरात्मक हैं, तो क्या सरकार बुधौली को मूलभूत सुविधा के साथ पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने तथा बोधगया एवं राजगीर इत्यादि स्थलों में भ्रमण करने वाले पर्यटकों की बस बुधौली तक लाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर चालू करना

*1693. डॉ0 सुनील कुमार (क्षेत्र संख्या-172 बिहारशरीफ)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अस्थावाँ प्रखंड अन्तर्गत मालती पंचायत के नेपुरा ग्राम में एक वर्ष पूर्व ही कृषि फीडर का ट्रान्सफॉर्मर लगा दिया गया है लेकिन न तो विद्युत् पोल को तार से जोड़ा गया है और न ही ट्रान्सफॉर्मर को चालू किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त समस्या के कारण उक्त ग्राम के कृषकों यथा मिथलेश कुमार, सुनील कुमार, सूर्यकांत प्रसाद एवं अन्य किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में कृषि फीडर का ट्रान्सफॉर्मर कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्त कराना

*1694. डॉ0 कुमार पुष्पंजय (क्षेत्र संख्या-170 बरबीघा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बरबीघा रेफरल अस्पताल में एक भी शव वाहन उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला के बरबीघा रेफरल अस्पताल में जी0एन0एम0 यथा हड्डी रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है, जबकि प्रतिदिन 450-500 के करीब मरीज चिकित्सा कराने आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बरबीघा रेफरल अस्पताल में भी शव वाहन उपलब्ध कराते हुए जी0एन0एम0 और विशेषज्ञ चिकित्सों को आवश्यकतानुरूप प्रतिनियुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--'क'-दिनांक 13 फरवरी, 2026 को सदन द्वारा पर्यटन विभाग में स्थानांतरित ।

मुआवजा देना

*1695. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा डूबे हुये मृतक के आश्रितों को आपदा के तहत चार लाख (4 लाख) रुपया देने का प्रावधान है, दरभंगा जिला के बेनीपुर प्रखंड के विश्वनाथपुर निवासी दुखवा चौपाल, पिता का नाम कुशेश्वर चौपाल, गाँव विश्वनाथपुर, वार्ड नम्बर 15, पंचायत तरौनी की रमौली पोखर में डूबने से 11 सितम्बर, 2025 को मृत्यु हो गई थी, यदि हाँ, तो सरकार स्व0 दुखवा चौपाल परिवार के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1696. श्री नीरज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-45 छातापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र, साहेवान, जिला-सुपौल का भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्षा ऋतु में उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र के भवन में चारों ओर से पानी भर जाने के कारण पूरा भवन जलमग्न हो जाता है और स्वास्थ्य सेवाएँ गंभीर रूप से प्रभावित होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्र का नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1697. श्री राम सिंह (क्षेत्र संख्या-4 बगहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा अनुमंडलीय अस्पताल के नये भवन के निर्माण का कार्य विगत 6 माह से निविदा प्रक्रिया में लम्बित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बगहा अनुमंडलीय अस्पताल के परिसर स्थित रेफरल अस्पताल में ही अस्पताल संचालित हो रहा था, जिसे नये भवन के निर्माण कार्य के कारण तोड़ दिया गया है, जिससे पुराने जर्जर अनुमंडलीय अस्पताल के भवन में ही अस्पताल संचालित हो रहा है, जिस कारण मरीजों एवं चिकित्सकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बगहा अनुमंडलीय अस्पताल के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शौचालय उपयोग हेतु खुलवाना

*1698. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखंड के सकला बाजार पर सी0एस0आर0 के तहत पावर ग्रिड के सौजन्य से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शौचालय का निर्माण कार्य पूर्ण होने एवं उद्घाटन के उपरान्त भी अभीतक सार्वजनिक उपयोग के लिए शौचालय को खोला नहीं गया है तथा यह बंद ही रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शौचालय को आमजनों के उपयोग हेतु खोलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

दिशा-निर्देश जारी करना

*1699. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-1 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अन्तर्गत निर्मित पश्चिम चम्पारण जिला के पंचायत हरनाटाड़ खाता संख्या 57, खेसरा संख्या 63/01 स्थित सामुदायिक भवन दिनांक 28 जनवरी, 2026 को क्षेत्र के वर्तमान निर्वाचित विधायक को सूचित किये बिना पूर्व विधायक से उद्घाटन और शिलापट्ट पर अपना नाम अंकित करा दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन का उद्घाटन कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन (LAEO) कार्य प्रमंडल बगहा-2 द्वारा नियमों एवं प्रोटोकॉल की अवहेलना करते हुये कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन, निर्वाचित जनप्रतिनिधि का अपमान करने वाले प्रशासनिक, कार्यपालक अभियंता एवं अधिकारियों के विरुद्ध विधिसम्मत/अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए भविष्य में एक सी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

टाउन फीडर से जोड़ने

*1700. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड के टाउन फीडर से प्रखंड मुख्यालय के निकट सुरसंड एवं अन्य पंचायतों को टाउन फीडर से जोड़ने का सरकार विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कभर तार लगाना

*1701. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र में अभीतक मिसी, घाघ एवं खुसुरूपुर शहरों में बिजली का नंगा तार की वजह से शॉर्ट सर्किट की वजह से अक्सर दुर्घटना हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव/शहर में नंगा तार के स्थान पर कभर तार लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी निर्माण कराना

*1702. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड अन्तर्गत खुदवाँ पंचायत के ग्राम-खुदवाँ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की चहारदीवारी के अभाव में अस्पताल में पदस्थापित कर्मियों के अलावे इलाज कराने आये रोगियों को पशुओं एवं असामाजिक तत्वों के आने-जाने के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल का चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्त करना

*1703. श्री प्रमोद कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत रफीगंज प्रखंड में अवस्थित रेफरल अस्पताल, रफीगंज में चिकित्सकों के स्वीकृत बल 14 के विरुद्ध में मात्र 3 चिकित्सक ही प्रतिनियुक्त हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में रेफरल अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों, फार्मासिस्ट तथा ऐक्स-रे टेक्निशियन का पद रिक्त रहने के कारण इलाज के साथ अस्पताल में स्थापित अल्ट्रासाउण्ड एवं ऐक्स-रे मशीन का लाभ मरीजों को प्राप्त नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रेफरल अस्पताल में अनुमान्य सुविधाओं के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों, फार्मासिस्ट एवं ऐक्स-रे टेक्निशियन की प्रतिनियुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रान्सफॉमर लगाना

*1704. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ग्रामीण उपभोक्ताओं के द्वारा कम्पलेन/आवेदन देने के तय समय में ओभर लोडेड ट्रान्सफॉर्मर को बदलवा देती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के महाराजगंज कार्य प्रमण्डल अन्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड के ग्राम-कलाडुमरा, खुलासा एवं महम्मदपुर आदि ग्रामों में ओभर लोडेड ट्रान्सफॉर्मर को बदलने हेतु उक्त ग्रामों के उपभोक्ताओं के द्वारा तीन माह पूर्व आवेदन दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में ओभर लोडेड ट्रान्सफॉर्मर के स्थान पर अतिरिक्त ट्रान्सफॉर्मर कबतक लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*1705. श्री मंजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के मांझा प्रखंड अंतर्गत दानेस्वर नाथ महादेव मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु निदेशक, पर्यटन निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा वर्ष 2024 में ही जिलाधिकारी, गोपालगंज से पत्रचार किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज द्वारा पत्रांक 333, दिनांक 27 फरवरी, 2025 द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज सदर से दानेस्वर नाथ महादेव मंदिर के संबंध में जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई थी ;

(3) क्या यह बात सही है कि मांझा प्रखंड अंतर्गत दानेस्वर नाथ महादेव मंदिर तक पहुँचने हेतु कोई सरकारी पथ, सड़क एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मंदिर को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आधुनिक चिकित्सा उपलब्ध कराना

*1706. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अनुमंडलीय अस्पताल, झंझारपुर सबसे पुराना एवं बड़ा अस्पताल है, जहाँ 4 प्रखंडों के मरीजों का इलाज किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में आधारभूत स्वास्थ्य सुविधा यथा आधुनिक उपकरण, विशेषज्ञ चिकित्सक, दक्ष तकनीशियन आदि अन्य सुविधाओं के अभाव में अधिकांश रोगियों को अन्य अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडलीय अस्पताल, झंझारपुर में आधुनिक चिकित्सा सेवा सुचारू रूप से उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

इलाज की व्यवस्था करना

*1707. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत प्रखंड सोनों में अवस्थित सामुदायिक अस्पताल काफी जर्जर हो चुका है जिस कारण मरीजों एवं प्रसूति महिलाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल का जीर्णोद्धार कराने के साथ इलाज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1708. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के बाराचट्टी प्रखंड अंतर्गत 'दिवनियाँ' पंचायत के शिवगंज बाजार का अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से एक जर्जर सामुदायिक भवन में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मोहनपुर प्रखंड के डंगरा बाजार का अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र भवन की कमी के कारण अव्यवस्थित ढंग से संचालित किया जा रहा है, जिस कारण स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा प्रदान करने में असुविधा हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्रों के लिए नए भवन निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

रिक्त पदों को भरना

*1709. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत बिहिया प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) बिहिया में चिकित्सकों ए0 एन0 एम0, जी0 एन0 एम0, नर्सों, फार्मासिस्ट, लैब टेक्निशियन एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के पद रिक्त रहने के कारण उक्त स्वास्थ्य केंद्र में 24x7 आपातकालीन सेवा, प्रसव सेवा, जांच एवं उपचार व्यवस्था प्रभावित हो रही है जिससे ग्रामीणों एवं गरीब मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर जाना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

रेफरल अस्पताल की स्थापना

*1710. श्री राम चन्द्र सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलांतर्गत अलौली प्रखण्ड के दहमा खैरी खुटहा पंचायत, आनंदपुर मारन पंचायत तथा चेराखेरा पंचायत में रेफरल अस्पताल नहीं है एवं आवागमन की स्थिति अच्छी नहीं रहने के कारण दूर जाकर इलाज के क्रम में ही मरीजों की स्थिति बिगड़ जाती है या मृत्यु भी हो जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार आनंदपुर मारन पंचायत के मारणडीह में रेफरल अस्पताल के स्थापना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर लगवाना

*1711. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्रखंड रूपौली के पंचायत डोभा मिलिक एवं रामपुर परिहट के किसानों ने कृषि सिंचाई हेतु विद्युत् उपभोक्ता का मानक पूरा किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कृषि विद्युत् उपभोक्ता बनने के बाद भी किसानों के खेतों तक पोल, तार एवं ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति नहीं हुई है, जिससे किसानों को सिंचाई करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में पोल, तार एवं ट्रांसफॉर्मर लगवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*1712. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र के घनश्यामपुर प्रखण्ड में उप-स्वास्थ्य केंद्र, कोर्थू अवस्थित है जो विगत 10 वर्षों से जर्जर है तथा चिकित्सकों के घोर अभाव के कारण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावित हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर लगभग 40000 लोगों की आबादी निर्भर है, जहाँ चिकित्सकों, नर्सों व स्वास्थ्य कर्मियों का पदस्थापन स्वीकृत पद के अनुरूप नहीं होने एवं एन0 एन0 एम0 का 10 वर्षों से अन्यत्र पदस्थापन होने से मरीजों को असुविधा होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र, कोर्थू में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति के साथ जर्जर भवन के निर्माण कराते हुए अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का विकास

*1713. श्री नितेश कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-58 कसबा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत कसबा विधान सभा क्षेत्र के जलालगढ़ एवं श्रीनगर प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (CHC) में सामान्य प्रसव (Normal Delivery) की सुविधा उपलब्ध है परंतु प्रसव (Delivery) के दौरान जटिलताओं (जैसे अत्यधिक रक्तस्राव, आपातकालीन शल्य चिकित्सा आदि) से निपटने हेतु पर्याप्त चिकित्सा सुविधा एवं ICU की व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रसव जटिलताओं (Delivery Complications) के कारण गर्भवती महिलाओं को उक्त CHC से 35-40 किलो मीटर दूर स्थित पूर्णियाँ सदर अस्पताल रेफर किया जाता है, जिसके कारण समय की कमी से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि का खतरा बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखंडों में प्रसव जटिलताओं (Delivery Complications) के आपातकालीन उपचार हेतु ICU सुविधायुक्त अस्पताल की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युतीकरण कराना

*1714. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के बिहपुर विधान सभा अंतर्गत तीनों प्रखण्डों में सिंचाई हेतु कृषि फीडर के लिए Cobcon और मिश्री लाल Agency को चयनित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों एजेन्सी के लापरवाही के वजह से अभीतक खेतों में विद्युतीकरण कार्य अधूरा है, जिसके कारण किसानों को भारी क्षति हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इसकी जाँच कराकर किसानों के खेत में विद्युतीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्थानांतरण करना

*1715. श्री विशाल कुमार (क्षेत्र संख्या-12 नरकटिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विधान सभा क्षेत्र नरकटिया, (जिला-पूर्वी चम्पारण) अन्तर्गत पी0 एच0 सी0 छौड़ादानों के चिकित्सा पदाधिकारी लगभग 10 वर्षों से पदस्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के किसी भी चिकित्सा पदाधिकारी या राजपत्रित कर्मी को तीन वर्ष में स्थानान्तरण करने का प्रावधान है ;

(3) क्या यह बात सही है कि आमजनता के शिकायत पर अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा निरीक्षण के क्रम में डिपीन एवं अन्य प्रकार की दवा एक्सपायरी पाया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त चिकित्सा पदाधिकारी को अन्यत्र स्थानांतरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केन्द्र बनाना

*1716. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज प्रखंड को प्राथमिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र, भतखोड़ा भवनहीन है एवं जीतापुर पंचायत में स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध नहीं है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में भवन एवं जीतापुर पंचायत में उप-स्थास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल का निर्माण

*1717. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल नहीं होने के कारण गम्भीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को निकट के राज्य उ०प्र० में इलाज कराने के लिये मजूबर होना पड़ता है, जिससे मरीजों को मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कैमूर जिले में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सौन्दर्यीकरण करना

*1718. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरवा प्रखंड अंतर्गत तढ़िया पंचायत के मढ़िया ग्राम में महादेव मठ पर लाखों की संख्या में नेपाल से श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते हैं, वहां पर श्रद्धालुओं के लिये कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मठ में प्रांगण में श्रद्धालुओं के विश्राम हेतु भवन एवं तलाब के घाट का निर्माण के साथ सौन्दर्यीकरण का भी काम नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मठ के प्रांगण में श्रद्धालुओं के विश्राम हेतु भवन, तलाब में घाट एवं सौन्दीर्यीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1719. श्री कृष्ण कुमार मंटू (क्षेत्र संख्या-120 अमनौर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि साराण जिलान्तर्गत अमनौर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के विरुद्ध मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सारण के द्वारा गठित जांच कमिटी ने अपने प्रतिवेदन में चिकित्सा पदाधिकारी को पद का दुरूपयोग एवं सरकारी राशि के गबन का दोषी करार देते हुये कार्रवाई की अनुशंसा की थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में तत्कालीन मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सारण उक्त दोषी पदाधिकारी के पद से मुक्त करते हुये पत्रांक 3920, दिनांक 10 अगस्त, 2024, पत्रांक 581, दिनांक 27 जनवरी, 2025 एवं पत्रांक 589, दिनांक 27 जनवरी, 2025 द्वारा मुख्यालय को कार्रवाई करने का आग्रह किया गया किन्तु आजतक उक्त दोषी पदाधिकारी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पावर ग्रिड का निर्माण

*1720. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ )--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ में नये पावर ग्रिड के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत/प्रस्तावित है तथा उसके लिये स्थान भी चिन्हित किया जा चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नए पावर ग्रिड के अभाव में पूर्णियाँ विधान सभा के साथ अगल बगल के क्षत्र में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत् आपूर्ति सुनिशिचत नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ जीरो माईल स्थित प्रस्तावित पावर ग्रिड के निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक नहीं, तो क्यों ?

---

कॉलेज खोलना

*1721. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के मोतिहारी में राज्य सरकार द्वारा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया गया था, जिस संदर्भ में स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव के स्तर में संचिका संख्या 11 (7), दिनांक 21 अप्रील, 2022 के माध्यम से 603.68 करोड़ रुपये (छः सौ तीन करोड़ अड़सठ लाख रुपये) मात्र की स्वीकृति भी प्रदान की गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने के क्षेत्र में कोई प्रगति नहीं हुयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक छात्रहित एवं जनहित में उक्त कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भूमि व्यवस्था के संबंध में

*1722. श्री आनन्द मिश्र (क्षेत्र संख्या-200 बक्सर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के अभिलेखों में यह दर्ज है कि बक्सर स्थित वामन भगवान मंदिर का अस्तित्व संबंधित कारागार भवन के निर्माण से पूर्व का है, तथा भूमि सीमांकन की प्रक्रिया के कारण वर्तमान में कारागार प्रशासन के अधीन आ गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्व में उक्त क्षेत्र में कारागार भूमि के एक भाग को प्रशासनिक उपयोग में परिवर्तन कर अन्य सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निर्माण किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार से संबंधित प्रावधानों एवं सुरक्षा मानको को ध्यान में रखते हुये उक्त मंदिर से संबंधित भूमि व्यवस्था की प्रशासनिक समीक्षा कराकर, वामन भगवान मंदिर को कारागार प्रशासन के क्षेत्र से बाहर कर बाउंड्री कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्वा० उप-केन्द्र स्थापित करना

*1723. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड-पकड़ीबरावां के पंचायत-पकड़ीबरावां उतरी के किसी गांव में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं है, जिसेक कारण उक्त पंचायत के 25 हजार की आबादी को चिकित्सा में काफी परेशानी होती है । यदि हाँ, तो सरकार ग्राम-सिलौर या बड़ी तालाब पकड़ीबरावां में कबतक उप-केन्द्र स्थापित करवाने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*1724. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत ''लोक आस्था भगैत'' का पारंपरिक स्थल ''ज्योति बाबा धाम, केदली'' श्रद्धालुओं का प्रमुख केन्द्र है यदि हाँ, तो सरकार उक्त ज्योति बाबा धाम, केदली को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर समुचित सुविधाएँ कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### पर्यटक स्थल घोषित करना

*1725. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिले के वजीरगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत-अमेठी अन्तर्गत ग्राम-औरैल में स्थित अति प्राचिन देवी मंदिर जिसे ''हड़ाही स्थान'' के नाम से जाना जाता हे, तथा कुर्कीहार पंचायत के ग्राम-कुर्कीहार स्थित बड़की देवी स्थान अत्यन्त प्राचीन पौराणिक स्थल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक दर्शनार्थ आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि कुर्कीहार स्थित बड़की देवी स्थान का पुरातात्विक विभाग द्वारा जाँच कर इसे प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व का बताया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्राचीन देवी मंदिरों को औपचारिक रूप से पर्यटक स्थल घोषित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### आवंटन करना

*1726. श्री केदार नाथ सिंह (क्षेत्र संख्या-115 बनियापुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रमंडलीय कार्यालय में असैनिक कनीय अभियंता के कार्य क्षेत्र का आवंटन कार्यपालक अभियंता के द्वारा किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों में कनीय अभियंता का क्षेत्र आवंटन संबंधित विभाग द्वारा किया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विभागों की तरह योजना एवं विकास विभाग में कनीय अभियंता के कार्य क्षेत्र का आवंटन विभाग द्वारा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

### मेडिकल कॉलेज की स्थापना

*1727. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) जनसंख्या की दृष्टि से बिहार का एक बड़ा जिला है, लेकिन एक भी सरकारी मेडिकल कॉलेज संचालित नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मोतिहारी विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत एक राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (Medical college) की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विशेष आर्थिक पैकेज का विचार

*1728. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दिनांक 2 फरवरी, 2026 को सदन में पेश किए गए बिहार आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार सीमांचल स्थित जिले यथा किशनगंज, पूर्णियाँ, अररिया, कटिहार इत्यादि की प्रति व्यक्ति आय बिहार राज्य के अन्य जिलों से सबसे कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सीमांचल के उक्त जिलों में रोजगार, उद्योग, शिक्षा इत्यादि के संसाधनों का घोर अभाव है जिस कारण यहाँ का सर्वांगीण विकास नहीं हो सका फलस्वरूप लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इनकी प्रति व्यक्ति आय बहुत कम है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीमांचल को ''विशेष आर्थिक पैकेज'' देकर उक्त जिलों के सर्वांगीण विकास का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*1729. श्री समृद्ध वर्मा (क्षेत्र संख्या-09 सिकटा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला अंतर्गत सिकटा विधान सभा क्षेत्र के सिकटा और कोटवा गाँव में बिजली के पोल और इंसुलेशन की कमी के कारण बिजली करंट से कुछ किसानों की मृत्यु हो गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सिकटा विधान सभा क्षेत्र में कृषि फीडर की स्थापना नहीं होने से किसानों को बिजली कनेक्शन हेतु लम्बा इंतजार करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि समेकित रूप से बिजली का ऑडिट नहीं होने से जर्जर नंगे तारों को न बदला गया है और न ही खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलकर देहाती क्षेत्र में नियमानुसार समय सीमा (72 घंटे) पर बदला जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिकटा विधान सभा क्षेत्र में कृषि फीडर की स्थापना, जर्जर तारों को बदलने एवं बिजली ऑडिट कर खराब ट्रांसफॉर्मर को बदलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*1730. श्री अमित कुमार (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिला के तरियानी प्रखंड स्थित तरियानी छपरा गाँव जहाँ 30 अगस्त, 1942 को स्वतंत्रता सेनानियों ने शहादत दी थी एवं यह एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थल है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

--------

शामिल करना

*1731. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत पालीगंज प्रखंड की धाना-निसरपुरा पंचायत के धाना गाँव स्थित वर्ष 1542 ईस्वी में निर्मित ऐतिहासिक मठ का एक हिस्सा विभागीय उपेक्षा के कारण आज पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इतने प्रचीन एवं सांस्कृतिक धरोहर होने के बावजूद इसके संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं पर्यटन स्थल के रूप में विकास हेतु सरकार द्वारा अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक धाना मठ के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन मानचित्र पर शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पोस्टमार्टम की व्यवस्था

*1732. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत सोनपुर रेफरल अस्पताल में पोस्टमार्टम की व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला मुख्यालय शवगृह (पोस्टमार्टम हाउस) से सोनपुर की दूरी 50 कि0मी0 से अधिक है, जिससे पीड़ित परिवार को पोस्टमार्टम कराने में कठिनाई होती है एवं मृत शरीरों के पोस्टमार्टम के लिए बगल के जिला में जाना पड़ता है, जिससे प्रशासनिक स्वीकृति की समस्या होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सोनपुर रेफरल अस्पताल में पोस्टमार्टम की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1733. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत पीरपैंती प्रखंड में ग्राम पंचायत रिफातपुर सिमानपुर के ग्राम-सादीपुर में काफी वर्षों से उप स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है, लेकिन उक्त केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण कठिनाई होती है एवं मरीजों को ससमय स्वास्थ्य लाभ नहीं मिल पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र के लिए जमीन स्व0 रामेश्वर नारायण सिंह, के द्वारा दिनांक 24 नवम्बर, 1984 ई0 में महामहिम 'राज्यपाल' के नाम दान स्वरूप दिया है, जिसका खाता सं0 157 खेसरा सं0 230 रकबा 24 डिसमिल है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र के भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सब-स्टेशन बनाना

*1734. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के बाबूबरही प्रखंड के क्षेत्रों में 33/11 के0 भी0 विद्युत् शक्ति उप केन्द्र पण्डौल ग्रीड से संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पण्डौल ग्रीड से ब्रेक डाउन होने से बाबूबरही प्रखंड एवं लदनियाँ प्रखंड सहित बरूआर में विद्युत् आपूर्ति में निरंतर बाधा तथा संचरण संबंधी अनेक जटिलताए उतपन्न होती रहती है तथा उक्त प्रखंड में पावर सब-स्टेशन की स्थापना हेतु पर्याप्त भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में एक अतिरिक्त नये विद्युत् पावर सब-स्टेशन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*1735. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत हायाघाट विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड हायाघाट के पंचायत घोषारामा में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने के लिये सरकार के द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर निर्माण करने की स्वीकृति दी गयी थी लेकिन अंचलाधिकारी के लापरवाही के कारण भूमि चिन्हित नहीं होने के कारण अभीतक निर्माण नहीं हो सका है, यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिये भूमि चिन्हित कर भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जर्जर तार बदलना

*1736. मो0 तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड के चन्दवार पंचायत के दक्षिण दुलालीगंज में वर्ष 2003 में विद्युतीकरण किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 63 के0वी0 ट्रांसफॉर्मर से उक्त गाँव के 400 विद्युत् उपभोक्ताओं को विद्युत् की आपूर्ति की जा रही है कम के0वी0 के ट्रांसफॉर्मर होने के कारण बराबर फ्यूज उड़ जाती है और तार भी जर्जर हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँव में 63 के स्थान पर 200 के0वी0 ट्रांसफॉर्मर लगाने और जर्जर तार बदलने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

अल्ट्रासाउंड की सुविधा

*1737. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कोविड के दौरान सदर अस्पताल, गोपालगंज में ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था परंतु तकनीकी स्टाफ के आभाव में विगत कई वर्षों से संचालित नहीं रहने के कारण जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सदर अस्पताल, गोपालगंज में केवल दिन में गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड होता है परंतु रेडियोलॉजिस्ट और तकनीकी स्टाफ के अभाव में अन्य मरीजों का अल्ट्रासाउंड नहीं होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सदर अस्पताल गोपालगंज में चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने हेतु ऑक्सीजन प्लांट को संचालित करने तथा रेडियोलॉजिस्ट और तकनीकी स्टाफ की प्रतिनियुक्ति कर 24 घंटा सभी मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा प्रदान करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आकर्षण केंद्र में विकसित करना

*1738. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत प्रखंड केवटी के पंचायत लालगंज अंतर्गत 81 एकड़ में स्थित बाढ़ पोखर सरकारी उपेक्षा के कारण चारों तरफ प्रदुषण से इसके अस्तित्व पर संकट के बादल मडराने लगे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ऐतिहासिक बाढ़ पोखर को पिकनिक, बोटिंग और सैलानियों के आकर्षण केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चिकित्सक नियुक्ति करना

*1739. श्री मिथिलेश तिवारी (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के CHC सिधवलिया में स्वीकृत बल 61 के विरुद्ध कार्यरत बल 15 है जबकि रिक्त पदों की संख्या 46 है तथा CHC बैकुण्ठपुर में स्वीकृत बल 61 के विरुद्ध कार्यरत बल 19 है जबकि रिक्त पदों की संख्या 42 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्रों में रिक्त पदों पर पदस्थापन नहीं होने के कारण स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गोपालगंज जिला के सिधवलिया और बैकुण्ठपुर CHC में रिक्त पड़े 88 स्वीकृत पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सक के अतिरिक्त पैरा मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ इत्यादि का पदस्थापन शीघ्र करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मेडिकल कॉलेज का निर्माण

*1740. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा किशनगंज जिले में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्थापित करने की स्वीकृति वर्ष 2025 में ही प्रदान की जा चुकी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वीकृति के बाद अबतक भूमि का चयन कर विभाग को हस्तांतरित नहीं किये जाने के कारण निर्माण कार्य अधर में लटका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि कोचाधामन विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत पाटकोई कलां पंचायत में उपलब्ध सरकारी भूमि (जो पूर्व में AIIM के लिये प्रस्तावित थी और आवागमन की दृष्टि से जिले के केन्द्र में स्थित है) पर उक्त मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु उपर्युक्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त भूमि पर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का ऊँचीकरण

*1741. श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिपरा में दो तरफ घेराबंदी नहीं है साथ ही साथ पूर्व से निर्मित चहारदीवारी की ऊँचाई काफी कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक केन्द्र का सम्पूर्ण परिसर घेराबंदी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावाड़ा एवं पशुओं का आना-जाना लगा रहता है, फलस्वरूप उक्त केन्द्र इलाज कराने आये मरीजों के अलावे पदस्थापित चिकित्सकगण एवं कर्मीगण को सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का पूर्ण घेराबंदी तथा चहारदीवारी की ऊँचीकरण का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बहाल करना

*1742. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत नरपतगंज में विद्युत् की आपूर्ति व्यवस्था काफी ही दयनीय है तथा विद्युत् की आपूर्ति नियमित रूप से नहीं होने से वहां के किसानों को पटवन में काफी दिक्कत होती है, यदि हाँ, तो सरकार नरपतगंज में विद्युत् की आपूर्ति नियमित रूप से बहाल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अरबन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा एवं सुविधाएं

*1743. श्री गोपाल कुमार अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-53 ठाकुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत ठाकुरगंज प्रखंड के नवसृजित नगर पंचायत, पौआखाली में अवस्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अभीतक अरबन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा प्राप्त नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ठाकुरगंज प्रखंड के रसिया, भोलमारा, बंदरझुला, मालिनगांव एवं डुमरिया ग्राम पंचायतों के साथ-साथ संपूर्ण नगर पंचायत, पौआखाली की आमजनता उपरोक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर इलाज के लिये निर्भर है ;

(3) यदि हाँ, तो कबतक सरकार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पोआखाली को अरबन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देते हुये संबंधित मिलने वाली सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1744. श्री जितेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावां)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिन्द एवं अस्थावां प्रखण्ड के क्रमशः स्वास्थ्य उप-केन्द्र, उतरथू स्वास्थ्य उप-केन्द्र, नोआवां, हेल्थ एंड वेलनेस सेन्टर, चुलीहारी सहित अन्य का निर्माण कार्य दिनांक 31 दिसम्बर, 2025 तक पुरा कर लिया जाना था परन्तु अभीतक निर्माण कार्य का शुभारंभ भी नहीं हो पाया है, यदि हाँ, तो सरकार निर्माण ऐजेन्सी के साथ-साथ संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये उक्त भवन का निर्माण कार्य शीघ्र पुरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*1745. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अन्तर्गत बैसा प्रखंड के स्वास्थ्य उप-केन्द्र, मंझोक (बैसा) को एक जन-वितरण प्रणाली बिक्रेता द्वारा अतिक्रमण कर गोदाम बना दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के अतिक्रमण के कारण ए०एन०एम०, जी०एन०एम० सेवायें नहीं दे पा रही हैं जिस कारण स्थानीय ग्रामीणों को उपचार कराने में बहुत कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को अतिक्रमण करने वाले जन-वितरण प्रणाली के विक्रेता पर कार्रवाई तथा अस्पताल का सुचारू रूप से संचालन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अस्पताल का विस्तार

*1746. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना एम्स अस्पताल के पास लगभग 100 एकड़ ही जमीन है जिसमें 66.90 एकड़ अस्पताल तथा 33 एकड़ आवास हेतु कर्णांकित है जबकि हरियाणा, जोधपुर सहित अन्य एम्स के पास लगभग 200 एकड़ से ज्यादा जमीन उपलब्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना एम्स में सिर्फ 960 सामान्य बेड एवं आई०सी०यू० के 115 बेड ही कार्यरत है ;

(3) क्या यह बात सही है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पटना एम्स के विस्तार हेतु 27 एकड़ जमीन देने की घोषित किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 27 एकड़ जमीन पटना एम्स अस्पताल के विस्तार हेतु यथाशीघ्र देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*1747. श्रीमती मनोरमा देवी (क्षेत्र संख्या-232 बेलागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अन्तर्गत बेलागंज विधान सभा क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चाकंद का भवन काफी जर्जर एवं सुविधा विहीन रहने के कारण स्थानीय लोगों

को उपचार करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आधुनिक सुविधायुक्त भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1748. श्री मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नाथनगर विधान सभा क्षेत्र में नाथनगर प्रखण्ड के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, रन्नुचक में प्रतिनियुक्त डॉक्टर एवं नर्स नियमित रूप में उपस्थित नहीं होते हैं जिस कारण दूर-दराज से आये मरीजों, गर्भवती महिलायें को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रतिनियुक्त डॉक्टर एवं नर्स को नियमित उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराने, मरीजों को समुचित इलाज करने एवं गायब डॉक्टर एवं नर्स पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आवश्यक संसाधन मुहैया कराना

*1749. श्री आसिफ अहमद (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उत्क्रमण वर्ष 2016 में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में किया गया था परन्तु 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का मानक के अनुरूप अस्पताल के भवन का निर्माण नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सुचारू रूप से संचालित नहीं होने के कारण मरीजों को इलाज हेतु जिला मुख्यालय जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सी०एच०सी० का मानक के अनुरूप भवन निर्माण कराकर आवश्यक संसाधन मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*1750. श्रीमती सोनम रानी (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला अन्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के नगर परिषद् त्रिवेणीगंज वार्ड नं० 10 तथा ग्राम-पं० ओरलाहा के उप-स्वास्थ्य केन्द्र, बाजीतपुर में शौचालय, पेयजल समुचित बिजली आपूर्ति एवं नर्स चिकित्सक नहीं रहने से इलाज में गरीब मरीजों के साथ ही चिकित्साकर्मियों को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्रों में वर्णित सुविधा तथा चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार

*1751. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के मनिहारी गंगा घाट पर श्रावण मास, माघी पूर्णिमा, छठ पूजा के अवसर पर प्रतिवर्ष 30 से 40 लाख श्रद्धालु आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार मनिहारी घाट और पीर मजार मनिहारी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*1752. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत बंदरा प्रखंड के मतलुपुर में अवस्थित धार्मिक एवं ऐतिहासिक प्राचीन बाबा खागेश्वरनाथ मंदिर है, जहाँ नेपाल सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालु भक्त पूजा-अर्चना करने एवं पर्यटक प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में आते हैं परन्तु मंदिर परिसर में मूलभूत संरचना तथा सौन्दर्यीकरण के अभाव में श्रद्धालुओं की संख्या में कमी तथा सरकार को राजस्व की हानि हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त मंदिर को पर्यटन स्थल विकसित करने हेतु ग्राम-मतलुपुर के खाता संख्या 592, 594 एवं 595 अन्तर्गत लगभग ढाई एकड़ जमीन की उपलब्धता के आधार पर अंचलाधिकारी, बंदरा के द्वारा भूमि सुधार उप-समाहर्ता, मुजफ्फरपुर को पत्रांक 1021, दिनांक 28 अगस्त, 2025 द्वारा पत्र प्रेषित है परन्तु आजतक प्रशासनिक स्वीकृति अप्राप्त है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटकीय दृष्टिकोण से मूलभूत सुविधायुक्त सौन्दर्यीकरण कराते हुए पर्यटन स्थल विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाना

*1753. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ०जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड पुनपुन, पंचायत अकौना ग्राम-बैसा वार्ड नं० 9 में 200 घरों की आबादी में 100 घर अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं तथा गाँव में यह एकमात्र ट्रांसफॉर्मर जो कम क्षमता की है, जिससे सही तरीके से बिजली नहीं मिल पाता है, जिसके कारण ट्रांसफॉर्मर बार-बार जल जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त टोले में 100 के० वी० क्षमता का एक अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधाएँ उपलब्ध कराना

*1754. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी के मोहड़ा प्रखंड अंतर्गत काजूर पंचायत के काजूर ग्राम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अबतक कोड आवंटित नहीं किया गया है तथा कोड के अभाव में उक्त स्वास्थ्य केंद्र को प्रखंड अस्पताल स्तर की कई आवश्यक सुविधाएँ एवं बजटीय प्रावधान प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिस कारण क्षेत्र की बड़ी आबादी को समुचित स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रहना पड़ रहा है तथा गंभीर रोगियों को अन्यत्र दूरस्थ अस्पतालों में जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार काजूर ग्राम स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को शीघ्र कोड निर्गत कर प्रखंड अस्पताल की सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

व्यवस्था कराना

*1755. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड सोनवर्षा के पंचायत मंगवार में विगत 2 वर्ष पूर्व से उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनकर तैयार रहने के बावजूद डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, दवाई एवं अन्य मेडिकल सुविधा की व्यवस्था नहीं की गई है, जिस

कारण उक्त पंचायत के अतिरिक्त मोकमा, पचलखा, हिंगवा, दुर्गापुर, सवेला, बड़गाँव, बरेठ, तमकुल्हा एवं बरसम गाँवों के मरीजों को 40 कि०मी० दूर जिला मुख्यालय, सहरसा जाना पड़ता है तथा कभी-कभी मरीजों के साथ अप्रिय घटना भी घटित हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में डॉक्टर, मेडिकल स्टाफ, दवाई एवं अन्य मेडिकल सुविधा की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कराना

*1756. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत बिहार के बेगूसराय, दरभंगा, मोतिहारी, गोपालगंज, गया, मधुबनी एवं सीवान सहित विभिन्न जिलों में 50 बेड के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना की स्वीकृति दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले की सघन आबादी और औद्योगिक महत्व को देखते हुये यहां उक्त अस्पताल का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला के बेगूसराय विधान सभा क्षेत्र में 50 बेड के आयुष अस्पताल का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विश्रामालय बनवाना

*1757. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के तुर्की मेला गाछी में लाखों काँवरिया प्रवास करते हैं लेकिन श्रावणी मेला में काँवरिया के लिए कोई विश्रामालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर काँवरिया विश्रामालय बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

घोषित करना

*1758. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड स्थित माँ वाणेश्वरी भगवती स्थान भंडारिसों प्राचीन सिद्धपीठ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर सरकार द्वारा प्रतिवर्ष राजकीय महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माँ वाणेश्वरी भगवती स्थान भंडारिसों को पर्यटन स्थल के रूप में घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ब्लॉक का निर्माण

*1759. श्री रत्नेश कुमार (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में वर्ष 2023 में प्रस्तावित 450 शैय्या के मेडिसीन वार्ड एवं ओ०पी०डी० ब्लॉक के निर्माण कार्य लंबित है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार प्राक्कलन के अनुरूप प्रशासनिक स्वीकृति करने हेतु उक्त कार्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्थानान्तरण करना

*1760. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत बौकरी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत 10 वर्षों से प्रभारी अपने पद पर पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विगत 4 वर्षों से रोगी को सरकार द्वारा दिया जाने वाला नाश्ता एवं भोजन को बंद कर दिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार किसी भी पदाधिकारी का तीन वर्षों तक एक स्थान पर पदस्थापित नहीं रहने का प्रावधान है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थापित प्रभारी को कबतक स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उप-स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित

*1761. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड अन्तर्गत तेचाप ग्राम पंचायत में उप-स्वास्थ्य केंद्र अवस्थित नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार तेचाप में कबतक उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1762. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण के केसरिया विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत अवस्थित सरोत्तर झील पूरे चंपारण का गौरव है तथा यहाँ प्रत्येक साल साइबेरियन पक्षी हजारों की संख्या में आते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त झील का सौंदर्यीकरण कराते हुए उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

ट्रॉमा सेंटर चालू कराना

*1763. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत डेहरी अनुमंडल अस्पताल के 50-60 किलो मीटर की परिधि में सरकारी ट्रॉमा सेंटर नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डेहरी (रोहतास) जीटी रोड (एन०एच० 19) पर भीषण सड़क दुर्घटनाओं में यहाँ उन्नत ट्रॉमा सेंटर के अभाव में घायलों को वाराणसी या पटना ले जाने के क्रम में प्राणन्तक संकट का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल में उन्नत ट्रॉमा सेंटर स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन निर्माण

*1764. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत चिरैया प्रखंड के सेमरा पंचायत में उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को प्राथमिक उपचार सहित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में उप-स्वास्थ्य केंद्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कैलेण्डर में शामिल

*1765. श्री ललन राम (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के कुटुम्बा प्रखण्ड अंतर्गत श्री कल्पवृक्षधाम कृष्णपुरी परता वर्षों पुरानी प्राचीनतम धार्मिक स्थल है तथा उक्त पर्यटन स्थल पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन मेला लगता है जिस कारण काफी भीड़ होती है एवं उक्त स्थल पर हर वर्ष जनसहयोग से महोत्सव मनाया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार श्री कल्पवृक्षधाम कृष्णपुरी परता को पर्यटन के कैलेण्डर में शामिल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1766. श्री अजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-95 काँटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत काँटी एवं मरवन प्रखंड में क्रमशः फदा, बड़कागाँव, मकदुमपुर में अस्थायी व्यवस्था के तहत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि स्थानीय लोगों को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं होने के कारण स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध होने के बावजूद विभाग द्वारा भवन का निर्माण नहीं कराया जा रहा है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1767. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नरकटियागंज अंतर्गत अवस्थित सभी 43 उप-स्वास्थ्य केंद्रों का अपना भवन नहीं रहने के कारण समुचित रूप से इलाज नहीं हो पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नरकटियागंज अंतर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन निर्माण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराना

*1768. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ० जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बोचहां विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत मैदापुर में 3 वर्ष पूर्व उप-स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई थी परंतु आजतक निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक मैदापुर में स्वीकृत उप-स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियमित रूप से प्रारंभ करना

*1769. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध काकों सूर्य मंदिर में वर्ष 2019-2020 के दौरान राज्य सरकार के सहयोग से 'भास्कर महोत्सव' का आयोजन किया गया था, जिससे क्षेत्र में कला, संस्कृति एवं पर्यटन को विशेष बढ़ावा मिला, यदि हाँ, तो क्या सरकार भास्कर महोत्सव को पुनः नियमित रूप से प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन का निर्माण

*1770. मो० गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत डगरूआ प्रखण्ड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन का निर्माण कार्य धीमी गति से हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार समय-सीमा के अंदर उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-केन्द्र का निर्माण

*1771. श्री अनिल कुमार (क्षेत्र संख्या-24 बथनाहा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बथनाहा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत सोनवरसा प्रखंड के बगहा पंचायत में स्वास्थ्य उप-केन्द्र नहीं होने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मशीन को शीघ्र चालू कराना

*1772. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि आरा सदर अस्पताल में आर्टिरियल ब्लड गैस (एबीजी) मशीन दो वर्षों से बंद रहने के कारण किडनी, हृदय रोग, ब्रेन स्ट्रोक, सांस के मरीजों तथा आईसीयू में भर्ती मरीजों को काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त मशीन को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

समस्याओं का निदान करना

*1773. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत ए०पी०एच०सी०-सह-हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर 1992 से स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के दो भवन 13 वर्ष पूर्व बनकर तैयार हुआ था जो आजतक अस्पताल को नहीं सौंपा गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में 6 बेड है जिसके अनुरूप चिकित्सक एवं अन्य सहायक कर्मी पदस्थापित नहीं है जिसके कारण क्षेत्र की जनता को समुचित चिकित्सा सुविधा नहीं प्राप्त हो रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त अस्पताल में व्याप्त समस्याओं का निदान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नया भवन बनाना

*1774. श्री भीषम प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अंतर्गत जीरादेई प्रखंड में अवस्थित 'राजवंशी देवी आयुर्वेदिक अस्पताल' का भवन जर्जर अवस्था में है एवं दस वर्षों से निजी मकान में चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजवंशी देवी आयुर्वेदिक अस्पताल भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेंद्र प्रसाद की स्व० धर्मपत्नी के नाम पर है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजवंशी देवी आयुर्वेदिक अस्पताल का नया भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण कराना

*1775. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलांतर्गत जोकीहाट प्रखंड के कुरसेल ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य उप-केंद्र, कुरसेल को अपना भवन नहीं रहने के कारण पंचायत सरकार भवन में संचालित किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य उप-केंद्र के भवन को बनाने हेतु कुरसेल ग्राम पंचायत के बलवा में खाता संख्या 465, खेसरा संख्या 1866, रकबा 42 डी० भूमि उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र के भवन का निर्माण खण्ड (2) में वर्णित भूमि पर कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिविजन में समायोजित करना

*1776. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत हरसिद्धि प्रखंड के विद्युत् डिविजन चकिया की दूरी हरसिद्धि से 80 किलो मीटर है, जिस कारण आमजनता को विद्युत् संबंधित समस्याओं के निदान में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विद्युत् डिविजन चकिया से हटाकर अरेराज या मोतिहारी डिविजन में समायोजित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवनों का कार्य पूर्ण करना

*1777. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत हरलाखी विधान सभा क्षेत्र के हरसुवार, सलेमपुर, उतरा, रैमा, विशनपुर, लोमा व बिरौली में एक-एक स्वास्थ्य उप-केंद्र खोले जाने की अनुशंसा मेरे द्वारा वर्ष 2023 में की गई थी, जिसका निर्माण कार्य शुरू किया गया परन्तु पिछले 2 वर्षों से यह कार्य अधूरा है ;

(2) यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य उप-केंद्र भवनों के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सांख्यिकी पदाधिकारी नियुक्त करना

*1778. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर विधान सभा क्षेत्र के विभूतिपुर एवं दलसिंहसराय प्रखंडों में सांख्यिकी पदाधिकारी की नियुक्ति अभीतक नहीं की गई है, जिसके कारण लोगों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र से संबंधित कार्य कराने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में सांख्यिकी पदाधिकारी की कबतक नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1779. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बारसोई अनुमंडलीय अस्पताल में राज्य सरकार द्वारा स्थापित ऑक्सीजन प्लांट तकनीकी खराबी के कारण पूर्णतः अक्रियाशील होने से गंभीर रोगियों को ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने में कठिनाई हो रही है जिससे उन्हें निजी स्रोतों पर निर्भर होना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्लांट के रख-रखाव, तकनीकी निगरानी एवं समय पर मरम्मत की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ही यह महत्वपूर्ण परिसंपत्ति वर्तमान में अनुपयोगी बनी हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 'उक्त ऑक्सीजन प्लांट को शीघ्र चालू कराने हेतु ठोस एवं समयबद्ध कदम उठाने एवं इसके रख-रखाव में लापरवाही बरतने वाले दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सुविधाएँ देना

*1780. श्रीमती करिश्मा (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के विभिन विभागों में पर्यटन निगम के माध्यम से चालकगण विगत 10 से 12 वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि पर्यटन निगम के वरीय पदाधिकारी एवं पूर्व के माननीय मंत्री के द्वारा निम्न मांगों को वर्ष 2024 में क्षेत्र भ्रमण के दौरान आश्वासन दिया गया था:--

(क) प्रत्येक वर्ष वेतन बढ़ोतरी

(ख) सेवाकाल में मृत्योपरांत आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की राशि

(ग) उपार्जित अवकाश, अवैतनिक अवकाश, चिकित्सा अवकाश

(घ) 8 से 10 वर्षों तक लगातार विभागों में सेवा देने वाले चालकों को 60 वर्ष तक सेवा में बने रहने का प्रावधान

(3) यदि हाँ, तो सरकार कबतक खंड (2) में उल्लेखित सुविधाएँ चालकों को देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युतीकरण कार्य

*1781. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबन)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत पकड़ीदयाल प्रखंड के पकड़ीदयाल नगर पंचायत, वार्ड नं० 5 में खाकीबाबा मठ से बाँध के नीचे शिव मंदिर तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान का विद्युतीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना

*1782. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत किरतपुर प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रसियारी, जो SH-88 एवं कमला नदी पुल जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्त यातायात मार्गों से जुड़ा हुआ है, को वर्ष 2004 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से अवनत कर अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (APHC) में परिवर्तित कर दिया गया था, जबकि यह क्षेत्र बाढ़, सड़क दुर्घटनाओं एवं आपदाओं की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक PHC रसियारी को पुन: उन्नत कर 30 बेड वाले फुल-फ्लेज्ड अस्पताल/ ट्रॉमा सेंटर के रूप में विकसित करने हेतु विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्टेशन का निर्माण

*1783. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत प्रखंड दरौंदा में बिजली उपभोक्ताओं की संख्या के अनुपात में विद्युत् खपत काफी अधिक है एवं विद्युत् आपूर्ति काफी कम है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दरौंदा प्रखंड में विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कर उपभोक्ताओं की समस्या का निराकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मानक के अनुरूप व्यवस्था

*1784. श्री विशाल प्रशांत (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (IPHC) के अनुसार प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में फिजिशियन, सर्जन, बाल रोग, एनेस्थेटिस्ट, नेत्र रोग, दंत एवं आयुष चिकित्सक सहित 24x7 आपात सेवा, 30 बेड, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर एवं जांच सुविधाएँ अनिवार्य हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले के पीरो, तरारी एवं सहार प्रखंड के CHC में उपरोक्त सेवाएँ उपलब्ध नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों के Addtional PHC पर पदस्थापित एमबीबीएस चिकित्सकों से पीएचसी/सीएचसी में कार्य लिया जा रहा है, जिसके कारण Addtional PHC पर नियमित रूप से डॉक्टर उपलब्ध नहीं रहते तथा आयुष चिकित्सकों व दवाओं की कमी से जनता को आरा सदर अस्पताल जाना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मानक के रूप उक्त CHC में विशेषज्ञों/स्टाफ की प्रतिनियुक्ति एवं जाँच सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कवार्टर का निर्माण

*1785. श्री मनोज कुमार (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के प्रखंड अरवल अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बाहदुरपुर वर्तमान में मूलभूत सुविधा चहारदीवारी एवं डॉक्टर के बिना ही संचालित है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त स्वास्थ्य केंद्र को कबतक सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ तथा स्वीकृत बलों के विरुद्ध चिकित्सा कर्मी, डॉक्टर का पदस्थापन सहित चहारदीवारी एवं स्टाफ कवार्टर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सर्जरी विभाग का संचालन

*1786. श्रीमती अश्वमेध देवी (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत समस्तीपुर प्रखंड स्थित सदर अस्पताल में सर्जरी विभाग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लगभग सभी सर्जरी मरीजों को दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (DMCH) अथवा पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) रेफर किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सदर अस्पताल में सर्जरी विभाग को सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

संचालित करना

*1787. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा क्षेत्र में पूर्व में मुंसिफ और उप-न्यायाधीश का न्यायालय कार्यरत था, जो वर्तमान में सहरसा जिला मुख्यालय में संचलित हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त न्यायालय के सहरसा स्थानांतरण के कारण क्षेत्र के आम नागरिकों को न्यायिक कार्यों हेतु प्रतिदिन काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिमरी बख्तियारपुर में पुनः मुंसिफ और उप-न्यायाधीश के न्यायालय को स्थानांतरित कर सुचारू रूप से संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

उपकेन्द्र का भवन बनाना

*1788. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहारीगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत गवालपाड़ा प्रखंड के पीरनगर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेन्द्र संचालित है, परंतु स्वास्थ्य उपकेन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी असुविधा होती है, जबकि उक्त पंचायत में बिहार सरकार की खाता नं०-183, खेसरा नं०-2012, रकबा-1 एकड़-2 डि० जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त जमीन पर स्वास्थ्य उपकेन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रतिनियुक्ति करना

*1789. श्री बबलू कुमार (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया सदर अस्पताल में सर्जन, ऑर्थोपेडिक सहित अन्य स्पेशलाइज्ड डॉक्टरों की कमी होने के कारण गंभीर रोगियों को इलाज के लिये बाहर के जिलों में रेफर करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सर्जन, ऑर्थोपेडिक एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

योजना का लाभ देना

*1790. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में 'मुख्यमंत्री विद्युत् उपभोक्ता सहायता योजना' के तहत 1 अगस्त, 2025 से घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली नि:शुल्क दी जा रही है, किन्तु इस तिथि के पूर्व के बकायेदार उपभोक्ताओं पर आज भी ब्याज (Surcharge) लगाया जा रहा है तथा बकाया राशि के कारण उन्हें इस योजना के लाभ वंचित रखा जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वैसे उपभोक्ताओं के पुराने बकाये एवं ब्याज को माफ कर उन्हें उक्त योजना का लाभ देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कार्य कराना

*1791. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत झाझा प्रखंड में APHC बुढ़ीखाड़, चानन, धमना, एवं जुड़पनिया तथा लक्ष्मीपुर प्रखंड में APHC मटिया एवं दिग्धी के भवन निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2025 में दी गयी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त APHC के निर्माण हेतु वर्ष 2025 में निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-BMSICL/Infra/22/2025, दिनांक 25 अगस्त, 2025 जारी किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी APHC की निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर चालू वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बाढ़ राहत केन्द्र स्थापित करना

*1792. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी विधान सभा क्षेत्र के बरारी एवं कुर्सेला प्रखंड के क्षेत्रों मे प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आती है किन्तु उक्त प्रखंडों के बाढ़ राहत केन्द्र की स्थापना नहीं रहने के कारण बाढ़ राहत कार्य चलाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में बाढ़ प्रभावित लोगों को स्थायी बाढ़ राहत केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

मुआवजा का राशि देना

*1793. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत मढ़ौरा नगर पंचायत के नेहा कुमारी की दिनांक 01 अक्टूबर, 2021 को साँप काटने से मृत्यु हो गई तथा उक्त मृतिका नेहा कुमारी के परिजनों को अभी तक मुआवजा की राशि नहीं दी गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त मृतिका के आश्रित परिजनों को मुआवजा की राशि देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्थानांतरण कराना

*1794. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत चण्डी प्रखंड के रेफरल अस्पताल, चण्डी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर डॉ० परमेष दास विगत चार वर्षों से पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के नियमानुसार 3 वर्ष से अधिक वाले किसी भी पदाधिकारी का स्थानांतरण किया जाना है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार डॉ० परमेष दास द्वारा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, रेफरल अस्पताल, चण्डी का स्थानांतरण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल में अधीक्षक की नियुक्ति

*1795. श्रीमती श्वेता गुप्ता (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत सरोज सीताराम सदर अस्पताल में विगत पाँच वर्षों से अधीक्षक का पद खाली है, जिसके कारण अस्पताल में कुव्यवस्था बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सदर अस्पताल का सुचारू रूप से चलाना सुनिश्चित करने के लिये अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*1796. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित शीर्षक ''बिजली तार की चोरी से पटवन कार्य में हो रही परेशानी'' के आलोक में क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सौर प्रखंड में चंदौर पूर्व के बेलदारी एवं बधनाहा आदि क्षेत्रों के बहियार में चोरों द्वारा रात में बिजली तार काट लिया जाता है, जिस कारण स्थानीय किसानों के द्वारा कई बार बिजली तार लगाने की मांग विभाग से की गयी, लेकिन इस पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, जिससे किसानों को फसल पटवन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार बिजली तार चोरी रोकवाने के लिये कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियुक्ति करना

*1797. श्री भाई बिरेंद्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 2021 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश के नर्सिंग संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिये कम्प्यूटर ऑपरेटर-सह-ट्रेनर पद का सृजन हेतु लिये गये निर्णय का कार्यान्वयन आजतक नहीं होने के कारण प्रदेश के नर्सिंग संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर शिक्षा से वंचित रहना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्रदेश के नर्सिंग संस्थानों में कम्प्यूटर ऑपरेटर-सह-ट्रेनर का पद सृजन कर नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अस्पताल सुव्यवस्थित करना

*1798. श्री अभिषेक रंजन (क्षेत्र संख्या-07 चनपटिया) )--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिलान्तर्गत चनपटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला चिकित्सा पदस्थापित नहीं है तथा बच्चों के लिये मात्र एक चिकित्सक पदस्थापित हैं, जो ज्वाइनिंग के दिन से ही मातृत्व अवकाश पर हैं, जिससे महिला एवं बाल मरीजों को गंभीर परेशानी हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में सीटी स्कैन एवं अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध नहीं है तथा वार्ड बॉय, ड्रेसर और ओ०टी० असिस्टेंट के पद रिक्त हैं जबकि नियमानुसार 16 ए०एन०एम० की आवश्यकता के विरुद्ध मात्र 4 ही कार्यरत हैं, साथ ही 4 एम०बी०बी०एस० चिकित्सकों के स्वीकृत पद के विरुद्ध केवल 2 चिकित्सक पदस्थापित हैं और अस्पताल भवन जर्जर अवस्था में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र में मरीजों की सुविधा हेतु चिकित्सकों, स्टाफ, जांच सुविधाओं की बहाली एवं भवन मरम्मत का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बर्न केयर सेंटर स्थापित कराना

*1799. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र की लगभग 6 लाख की आबादी के बावजूद किसी भी प्रखंड अथवा नजदीकी जिला अस्पताल में समर्पित बर्न केयर सेंटर/बर्न यूनिट की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण आग से पीड़ित नागरिकों का समुचित इलाज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस्लामपुर विधान सभा क्षेत्र में बर्न केयर सेंटर की स्थापना का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति करना

*1800. श्री सियाराम सिंह (क्षेत्र संख्या-179 बाढ़)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के बाढ़ अनुमंडल मुख्यालय स्थित अनुमण्डलीय अस्पताल पर करीब दस (10) लाख आबादी के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में हड्डी रोग, नेत्र रोग, मानसिक रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सर्जन की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण मरीजों को इलाज कराने में परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बाढ़ अनुमण्डलीय अस्पताल में हड्डी रोग, नेत्र रोग, मानसिक रोग के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं सर्जन की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*1801. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पी०एम०सी०एच०, पटना में ऐक्स-रे, सीटी-स्कैन एवं अल्ट्रासाउंड मशीनों की कमी के कारण जाँच के लिए लम्बी लाइन लगती है, जिस कारण मरीजों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार पी०एम०सी०एच०, पटना में कबतक उचित संख्या में आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

उक्त केंद्र का संचालन करना

*1802. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अनुमंडल अस्पताल, बेनीपुर में ENT एवं आँख के डॉक्टर नहीं है एवं जिला मधेपुरा के पुरैनी प्रखंड अंतर्गत पुरैनी बाजार गाँव स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के कारण आमलोगों को समुचित इलाज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुमंडल अस्पताल, बेनीपुर में फार्मासिस्ट एवं उक्त स्वास्थ्य केंद्र में महिला विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा एम०बी०बी०एस० डॉक्टरों की कमी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों, फार्मासिस्ट की नियुक्ति कर यथाशीघ्र उक्त केंद्र का संचालन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रतिनियुक्ति करना

*1803. श्री नीरज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-45 छातापुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वीरपुर अनुमंडलीय अस्पताल जिला सुपौल में लंबे समय से महिला चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं होने के कारण महिलाओं को इलाज हेतु लगभग 30 किलोमीटर दूर सिमराही, सुपौल अथवा नेपाल जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल में एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड जाँच सुविधाएँ अबतक उपलब्ध नहीं होने तथा ड्रेसर (Dresser) का पद रिक्त रहने के कारण दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को प्राथमिक उपचार दिए बिना ही रेफर कर दिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में समुचित सुविधा उपलब्ध कराते हुए ड्रेसर के रिक्त पदों पर प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना

*1804. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के बिक्रमगंज अनुमंडल अंतर्गत यक्षिणी भावनी, घीनु ब्रह्म, माँ अस्कामिनी मंदिर, 52 बिगहा पोखर, ब्रह्मस्थान, देव सूर्य मंदिर, दिपाऊ ब्रह्मस्थान एवं बुढ़वा महादेव स्थान भी अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल स्थित समय-समय पर मेलों का आयोजन एवं श्रद्धालुओं का आवागमन तथा जमावड़ा लगा रहता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थलों पर पेयजल, बिजली, शौचालय एवं ठहराव आदि का घोर अभाव के कारण श्रद्धालुओं को कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल स्थित मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुलिस स्टेशन ग्रिड में जोड़ने

*1805. श्री सुरेंद्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-01 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चंपारण जिला के प्रखंड ठकराहा ग्राम-सिस्मानिया के ठकराहा पावर स्टेशन के मोतीपुर ग्रिड से लेकर PWD रोड होते हुए पोकही के सिकंदर बिन की दुकान तक लाइट नहीं रहने से अंधेरा रहता है जिससे ग्रामीणों को कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड ठकराहा ग्राम-सिस्मानिया को पुलिस स्टेशन ग्रिड में जोड़ने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्थल घोषित करना

*1806. श्री अरूण कुमार (क्षेत्र संख्या-180 बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत बख्तियारपुर प्रखंड में अतिप्राचीन मंदिर "माँ जगदम्बा नरौली धाम, करौटा धाम" स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त धाम को पर्यटन स्थल घोषित करने तथा यात्री शेड, धर्मशाला, सौंदर्यीकरण एवं सुरक्षा हेतु गार्ड की व्यवस्था की जाय ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने की दृष्टि से उक्त स्थानों पर निर्माण कराने के साथ ही पर्यटन स्थल घोषित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पोस्टमार्टम हाउस की सुविधा

*1807. डॉ० प्रकाश चंद्र (क्षेत्र संख्या-220 ओबरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत दाउदनगर अनुमंडल के अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस की सुविधा उपलब्ध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल N.H. 139 के समीप है, किन्तु सड़क दुर्घटना एवं अन्य कारणों से मृत व्यक्तियों को अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस नहीं रहने से औरंगाबाद जिला मुख्यालय जाना पड़ता है जिससे आम नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस की सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रतिनियुक्ति कराना

*1808. श्री प्रमोद कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मदनपुर में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाओं की कमी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रखंड सहित कुल 18 पंचायतों के हजारों मरीज चिकित्सा हेतु आते हैं परन्तु स्वास्थ्य सुविधा नहीं रहने के कारण इलाज कराने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार मदनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को रेफरल अस्पताल में उत्क्रमित करते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति करने विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना

*1809. श्री देवेशकान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अन्तर्गत गोरेयाकोठी प्रखंड के सानीबसतपुर पंचायत के ग्राम-हेयातपुर में सुप्रसिद्ध जंगली बाबा का प्राचीन शिव मंदिर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विशेषकर सोमवार एवं शुक्रवार को सिवान एवं गोपालगंज जिला के विभिन्न गाँवों से श्रद्धालु भक्त पूजा अर्जना करने आते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राचीन शिव मंदिर के समुचित विकास के साथ-साथ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

ट्रॉमा सेंटर को सुविधायुक्त बनाना

*1810. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अन्तर्गत झंझारपुर एन०एच० 27 पर स्थापित ट्रॉमा सेंटर (अररिया संग्राम) का संचालन नहीं होने से सड़क दुर्घटना में घायलों को अन्यत्र अस्पतालों में ले जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य पथों में दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तत्काल इलाज नहीं मिलने एवं अस्पताल पहुँचाने में अधिक समय लगने के कारण रास्ते में मृत्यु हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एन०एच० 27 पर अवस्थित ट्रॉमा सेंटर (अररिया संग्राम) को सुविधायुक्त बनाते हुए संचालित कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहादीवारी का निर्माण

*1811. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत रेफरल अस्पताल, चकाई में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण मवेशियों एवं असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है जिससे मरीजों के साथ उनके अभिभावकों को इलाज कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त अस्पताल में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्टेशन का निर्माण

*1812. श्रीमती ज्योति देवी (क्षेत्र संख्या-228 बाराचट्टी (अ० जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत प्रखंड-मोहनपुर 18 ग्राम पंचायत पर अवस्थित हैं, किन्तु अतिरिक्त पावर ग्रिड के अभाव में किसानों एवं उपभोक्ताओं को निर्बाध पर्याप्त बिजली उपलब्ध नहीं हो पाती है, जिससे कृषि कार्य के साथ अनेकों कार्य बाधित होते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ग्राम पंचायत डेमा में नया पावर ग्रिड स्टेशन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पर्यटन स्थल बनाना

*1813. श्री राकेश रंजन (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में बिहिया प्रखंड के बिहिया नगर में स्थित माँ महथिन मंदिर ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता रखती है, जहां प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन हेतु आते हैं परंतु पर्याप्त पर्यटन एवं नागरिक सुविधाओं के अभाव में श्रद्धालुओं को बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार माँ महथिन मंदिर का पर्यटन की दृष्टि से सौंदर्यीकरण संपर्क पथ, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, श्रद्धालु विश्राम गृह एवं सूचना पट्ट जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

हाई वोल्टेज तार हटाना

*1814. श्री राम चन्द्र सदा (क्षेत्र संख्या-148 अलौली (अ० जा०))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखण्ड के वार्ड संख्या 13 में सोनपुर आदम (मीरादाँहा) ग्राम के जगदम्बा स्थान से पूरब में श्रीमती सोनी कुमारी, पति-श्री रितेश कुमार की जमीन से होते हुए श्री रामबाबु रजक की जमीन के बीचो-बीच हाई वोल्टेज तार गुजरता है, जिससे गृह निर्माण कार्य बाधित होने के साथ ही उक्त क्षेत्र में आवासित व्यक्तियों की जान के खतरे की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जमीन के ऊपर से गुजरते हाई वोल्टेज तार को स्थानांतरित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*1815. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत रूपौली प्रखण्ड के अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र, डुमरी का भवन जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पड़ता है, जहाँ एम०बी०बी०एस० डॉक्टर, सर्पदंश की दवाई एवं प्रसव केन्द्र नहीं होने के कारण रोगियों को 25 कि०मी० दूर रूपौली जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक अतिरिक्त उप-स्वास्थ्य केन्द्र डुमरी का भवन निर्माण एम०बी०बी०एस० डॉक्टर, सर्पदंश की दवाई एवं प्रसव केन्द्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

यथाशीघ्र पूरा करना

*1816. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान सभा में तीन सी०एच०सी० (CHC)है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों सी०एच०सी० में एक भी महिला चिकित्सक नहीं है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त सी०एच०सी० में अल्ट्रासाउण्ड और लेवर रूम जो कि प्रथम तल पर है उसके लिए लिफ्ट नहीं है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कमियों का यथाशीघ्र पूरा करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् आपूर्ति करना

*1817. श्री चन्द्रशेखर (क्षेत्र संख्या-73 मधेपुरा)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत मुरलीगंज प्रखंड के पंचायत जीतापुर के वार्ड नं० 04 में विद्युत् उपभोक्ताओं को विद्युत् की आपूर्ति पोल के जगह बाँस के खुंटे पर की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाँस के बदले पोल के माध्यम से विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

न्यायालय कैमूर

*1818. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात् सही है कि कैमूर जिला में बिजली विभाग द्वारा आमजन पर बिजली चोरी के केस के मामले में जमानत के लिए लगभग 200 किलो मीटर दूर जिला एवं सत्र न्यायालय, गयाजी जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला एवं सत्र न्यायालय, कैमूर में सुनवाई न होने से वृद्ध पुरूष, महिला एव विकलांग लोगो को बहुत परेशानी झेलनी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैमूर जिले के बिजली चोरी केस संबंधित सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायालय, गयाजी से स्थानांतरित कर जिला एवं सत्र न्यायालय, कैमूर में शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बिजली का समुचित कराना

*1819. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अंतर्गत परिहार प्रखंड के सहसराम वायां शिवनगर एवं मझौरा गाँव में बाँस पर तार ले जाकर बिजली जलायी जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामों में नंगा तार एवं पोल अधिष्ठापित कर समुचित ढंग से बिजली उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भुगतान करना

*1820. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि स्व० कैलाश यादव, पिता-स्व० किशुन यादव, ग्राम-एरूरी, थाना-पकड़ीवरावां, जिला-नवादा की मृत्यु एल०टी० तार के विद्युत् स्पर्शाघात से दिनांक 01 जुलाई, 2023 को हुई एवं घटना की प्राथमिकी पकड़ीवरावां थाना काण्ड संख्या 02/23 दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम हुआ ;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत् विभाग के द्वारा उक्त मृतक के परिजनों को अनुग्रह अनुदान की राशि-(400000) चार लाख रुपया का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के परिजनों को अनुग्रह अनुदान की राशि-(400000) चार लाख रुपया भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्युत् आपूर्ति कराना

*1821. श्री गौतम कृष्ण (क्षेत्र संख्या-77 महिषी)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नौहट्टा प्रखंड के केदली पंचायत के रामपुर, छतवन, पहाड़पुर, असेय एवं केदली गाँव आजादी से आजतक विद्युत् आपूर्ति से वंचित है तथा उक्त गाँवों में विद्युत् आपूर्ति बहाल करने हेतु कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में विद्युत् आपूर्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आदेश को रद्द करना

*1822. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मोतिहारी शहर में मनभरी कुंअर धर्मशाला एवं विवाह भवन जो बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद्, पटना द्वारा तत्कालीन अध्यक्ष श्री अखिलेश जैन द्वारा दिनांक 05 अगस्त, 2020 को 500 रुपये बकाया राशि जमा कराकर न्यास परिषद् की संपत्ति घोषित कर तत्कालीन अध्यक्ष श्री रामकृपाल यादव द्वारा दिए गए आदेश वर्ष 2004 का अनुपालन करते हुए न्यास की संपत्ति संचालन हेतु नयी कमिटी बनाकर स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित करने का आदेश देते हुए स्थानीय अंचल अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार के छेड़-छाड़ पर रोक लगाया था, यदि हाँ, तो सरकार वर्तमान धार्मिक न्यास बोर्ड के मा० अध्यक्ष श्री रणवीर नंदन द्वारा दो पूर्व अध्यक्ष के आदेश के विपरीत दिनांक 13 दिसम्बर, 2025 को आदेश देकर न्यास की परिसंपत्ति को भू-माफियाओं के प्रभाव में आकर जारी किये गये आदेश को रद्द करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सौंदर्यीकरण कराना

*1823. श्री अमित कुमार (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखंड के लोहासी पंचायत के दमामी गाँव स्थित बाबा ईशान नाथ महादेव मंदिर में सालों भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है, पौराणिक महत्व किन्तु यहाँ पर पर्यटकीय सुविधा का घोर अभाव है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पर्यटकीय सुविधा बहाल करते हुए इसका सौंदर्यीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बहाल करना

*1824. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 2015 में लगभग 21,000 तथा वर्ष 2022 में लगभग 32,000 ग्रामीण चिकित्सकों को सरकार द्वारा निर्बंधित कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्य करने की अनुमति दी गई थी तथा एन०आई०ओ०एस० के माध्यम से परीक्षा लेकर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रशिक्षण उपरांत उक्त ग्रामीण चिकित्सकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र (Govrnment of Bihar Certificate) निर्गत किया गया था और उन्हें 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने के बाद बहाली की बात कही गयी थी किन्तु निर्धारित अवधि पूर्ण हो जाने के बावजूद अबतक उनकी बहाली नहीं की गई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु उक्त प्रशिक्षित एवं प्रमाण-पत्रधारी ग्रामीण चिकित्सकों की बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण

*1825. श्री विनय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत सोनपुर प्रखंड के शिकारपुर पंचायत में स्वास्थ्य केंद्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सोनपुर रेफरल अस्पताल से शिकारपुर पंचायत की दूरी 10 किलो मीटर से अधिक है जिस कारण मरीजों को इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार शिकारपुर पंचायत में अतिक्ति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित करना

*1826. श्री मुरारी पासवान (क्षेत्र संख्या-154 पीरपैंती (अ०जा०))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत पीरपैंती विधान सभा क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत-कैरिया में उप-स्वास्थ्य केंद्र नहीं है, जिस कारण उक्त पंचायत वासियों को उपचार कराने में प्रखंड मुख्यालय जाना पड़ता है, जिससे कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायत कैरिया में उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कराने की विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सुविधा उपलब्ध करना

*1827. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत हायाघाट विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड बहेड़ी के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सुसारी एवं प्रखंड हायाघाट के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, लक्ष्मीपुर डयोढ़ी में चिकित्सक और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों को इलाज कराने के लिये काफी दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में चिकित्सक और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नशामुक्त केंद्र प्रारंभ करना

*1828. मो० तौसीफ आलम (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, किशनगंज में नशामुक्ति केंद्र विगत 5 वर्षों से बंद होने के कारण नशा से लत व्यक्तियों का इलाज नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सदर अस्पताल में नशामुक्त केंद्र कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विकसित करना.

*1829. श्री सुभाष सिंह (क्षेत्र संख्या-101 गोपालगंज)--क्या मंत्री,पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज एवं बेतिया जिले के सीमावर्ती गंडक नदी पर यादवपुर-मंगलपुर महासेतु के बेतिया के तरफ वाले हिस्से में पुल के दोनों तरफ नदी का गाइड बाँध है, जो प्रसिद्ध धार्मिक स्थल, थावे व पर्यटन स्थल, वाल्मीकिनगर के मध्य में स्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध पर डाल्फिन विचरण तथा सूर्यास्त के मनोरम छटा पर्यटकों को आकर्षित करता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल के पास ग्राम-राजवाही में डाल्फिन संरक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु जमीन चिन्हित है तथा विश्वविद्यालय एवं औद्योगिक क्षेत्र हेतु प्रस्तावित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यादवपुर-मंगलपुर महासेतु के गाइड बाँध (बेतिया की तरफ) का चौड़ीकरण, पक्कीकरण, लाइटिंग, नागरिक सुविधाओं का विकास (मरीन ड्राइव, पटना के तर्ज पर) कर पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण करने के संबंध में

*1830. श्री मुरारी मोहन झा (क्षेत्र संख्या-86 केवटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंघवाड़ा प्रखंड के पंचायत भरहुल्ली एवं सरैया उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना भवन नहीं रहने के कारण बगल के निजी किराये के मकान में स्वास्थ्य सेवा संचालित की जा रही है जिससे स्थानीय मरीजों को उपचार में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायतों में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

उप-केन्द्र के निर्माण

*1831. श्री मिथिलेश तिवारी (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिंघवलिया और बैकुण्ठपुर प्रखंडों में स्थित विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र की दूरी पावर ग्रिड से लगभग 42 एवं 65 KM है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पावर ग्रिड से विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र की दूरी अधिक होने के कारण पाँच PSS में हमेशा लो वोल्टेज एवं पावर कट की समस्या बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिंघवलिया या बैकुण्ठपुर प्रखंड के किसी एक स्थान पर पावर ग्रिड शक्ति उप-केन्द्र के निर्माण का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*1832. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज अररिया जिले की सीमा पर कोचाधामन प्रखंड बलिया पंचायत में NH-327E के निकट कब्बैया एवं अंधासुर मौजा में बिहार सरकार की लगभग 66 एकड़ जमीन पर "शीतल नगर झील" अवस्थित है, यदि हाँ, तो सीमांचल में लगभग 26 लाख की सुरजापुरी आबादी को और स्थानीय संस्कृति को संरक्षण देने हेतु उक्त झील को 'सुरजापुरी हाट' में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण कराना

*1833 श्री रामविलास कामत (क्षेत्र संख्या-42 पिपरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा प्रखंड के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हटवरिया तथा थुमहा में आवश्यकता अनुसार कमरा एवं चहारदीवारी नहीं है जिसके कारण मरीजों एवं डॉक्टरों को इलाज करने में असुविधा होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण पशुओं का आवागमन होता रहता है जिससे डॉक्टरों को इलाज करने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अतिरिक्त कमरा एवं चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

व्यवस्था करना

*1834 श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज अंचल अन्तर्गत अनुमंडल न्यायालय में वकीलों की संख्या लगभग 150 से 200 है मगर न्यायालय परिसर में उनके बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार सिविल कोर्ट फारबिसगंज के ग्राम पंचायत रामपुर उत्तर में वकीलों के बैठने की उचित व्यवस्था कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*1835. श्री जितेंद्र कुमार (क्षेत्र संख्या-171 अस्थावां)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत अस्थावां प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण दिसम्बर, 2025 में पूरा कर लिया जाना था ;

(3) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा कार्य को विलम्ब से करने एवं किये गये निर्माण कार्य का प्राक्कलन के अनुरूप नहीं होने के कारण जनता में काफी आक्रोश है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करते हुये निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*1836. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत रेफरल अस्पताल, अमौर में स्वीकृत पद 22 के विरुद्ध सिर्फ ,07 डॉक्टर एवं सामुदायिक स्वा0 केंद्र, बैसा में स्वीकृत पद 16 के विरुद्ध केवल 07 डॉक्टर ही पदस्थापित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अस्पतालों में चिकित्सकों के स्वीकृत पद अनुरूप चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण मरीजों को उपचार कराने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में यथाशीघ्र चिकित्सकों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

उपलब्ध करना

*1837. श्री विनय बिहारी (क्षेत्र संख्या-05 लौरिया)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में घरेलू विद्युतीय स्पर्शाघात में मृतक के परिवार को सरकारी स्तर से प्राप्त होने वाली सहायता राशि नहीं दी जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रीड में लाईनमैन एवं अन्य कर्मियों की कमी के कारण घर के लोग ही स्वयं इस कार्य को करने के दरम्यान विद्युतीय स्पर्शाघात से मृत्यु हो जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसी भी तरह के विद्युतीय स्पर्शाघात में मृत्यु होने पर परिवार के आश्रितों को चार लाख रुपया की सहायता राशि उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केंद्र बनाना

*1838. श्रीमती सोनम रानी (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के ग्राम पं0 पिलुआहा में स्वास्थ्य/उप-स्वास्थ्य केंद्र नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम की आबादी दस हजार से अधिक है और स्वास्थ्य केंद्र के लिये जमीन भी उपलब्ध है परंतु अबतक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित नहीं होने के कारण उक्त पंचायत के लोगों को इलाज के लिये 10 कि0मी0 दूर त्रिवेणीगंज या कोरियापट्टी जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक ग्राम-पिलुआहा में स्वास्थ्य केंद्र बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना

*1839. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ0 ज0 जा0))--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत मनिहारी नगर पंचायत के मनिहारी घाट के कुटी घाट से मस्जिद घाट तक 120 मीटर रिवर फ्रंट निर्माणाधीन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार रिवर फ्रंट को विस्तारित कर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर का निर्माण कराना

*1840. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत प्रखंड पुनपुन के ग्राम-पंचायत पोठही वार्ड नं0 11 में अनुसूचित जाति के टोला में 100 के0 वी0 का ट्रांसफॉर्मर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि 300 घर की आबादी पर यह एक मात्र ट्रांसफॉर्मर है, जिससे सही तरीके से बिजली नहीं मिल पाता है, जिसके कारण ट्रांसफॉर्मर बार-बार जल जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों को उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायत में 100 के0 वी0 के स्थान पर 200 के0 वी0 क्षमता का ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहाल करना

*1841. श्री रोमित कुमार (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के अतरी विधान सभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा आवश्यक दवाओं की भारी कमी है, जिसके कारण गंभीर मरीजों को इलाज हेतु गयाजी शहर रेफर किया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार यह बतलाना चाहेगी कि रिक्त पदों को भरने हेतु क्या-क्या कार्रवाई की गयी है एवं कबतक उक्त समस्याओं का निराकरण कर स्थायी चिकित्सीय सेवाएँ बहाल की जायेगी ?

--------

कारवाई करना

*1842. श्री रत्नेश सादा (क्षेत्र संख्या-74 सोनवर्षा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सोनवर्षा विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड-बनमा ईटहरी में उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त निर्माण में संवेदक द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मामले की जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सी0 एच0 सी0 में उत्क्रमित करना

*1843. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत कुढ़नी प्रखंड के ए0 पी0 एच0 सी0 मनियारी से सदर हॉस्पिटल एवं एस0 के0 एम0 सी0 एच0 लगभग 30-35 कि0मी0 दूर है जिससे जन मानस को चिकित्सा में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ए0 पी0 एच0 सी0 को सी0 एच0 सी0 में उत्क्रमित नहीं करने के कारण लोगों को दूर जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त ए0 पी0 एच0 सी0 को सी0 एच0 सी0 में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कारवाई करना

*1844. श्री राजेश कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-82 दरभंगा ग्रामीण)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड अन्तर्गत अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, बघौत का भवन काफी जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र बघौत को पर्याप्त सरकारी भू-खण्ड है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित कर भवन निर्माण कराने की विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*1845. श्री सतीश कुमार साह (क्षेत्र संख्या-40 लौकहा)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत लौकही प्रखंड के क्षहुरी पंचायत के सोनवर्षा गाँव स्थित क्षहुरी पोखर पर प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को हजारों वर्षों से जुड़ शीतल के अवसर पर विशाल मेला लगता है, जिससे लाख की संख्या में श्रद्धालु पहुँचते हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पोखर को पर्यटक को रूप में विकसित करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना

*1846. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत उत्तरी उमगा में उमगेश्वरी पहाड़ पर 53 मँदिरों की श्रृंखला अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल आस्था का केन्द्र एवं प्राकृतिक रमणीयता के कारण एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है जो विभागीय उदासीनता के कारण उपेक्षा का शिकार है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पर्यटकीय बस सेवा प्रारंभ करना

*1847. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बुद्ध सर्किट बोधगया केसरिया होते हुए कुशीनगर तक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बोधगया और कुशीनगर का पर्यटकीय विकास होने के बावजूद बोधगया से कुशीनगर तक बस सेवा से नहीं जोड़ने के कारण पर्यटकों को कठिनाई होती है ;

(3) यदि हाँ, तो क्या सरकार बुद्ध सर्किट के अंतर्गत बोधगया से केसरिया होते हुए कुशीनगर तक के लिए पर्यटकीय बस सेवा प्रारंभ करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

एनेस्थीसियोलॉजिस्ट नियुक्त करने के संबंध में

*1848. श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनु सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल में एनेस्थीसिया चिकित्सा पद्धति हेतु कोई भी एनेस्थीसियोलॉजिस्ट प्रतिनियुक्त नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार डेहरी अनुमंडलीय अस्पताल में कबतक एनेस्थीसियोलॉजिस्ट की प्रतिनियुक्ति कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*1849. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चिरैया विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत पताही प्रखंड के बोकाने कला पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को प्राथमिक उपचार सहित स्वास्थ्य जाँच कराने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पंचायत में उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन बनाने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुनर्निर्माण कराना

*1850. श्री अजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-95 काँटी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला मुजफ्फरपुर अंतर्गत काँटी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में सालोभर जल-जमाव रहता है तथा पूरा परिसर घनी झाड़ियों में तबदील हो चुका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थिति के कारण परिसर में साँप, बिच्छु एवं अन्य विषैले जीव घूमते रहते हैं जिससे मरीजों, गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की जान का गंभीर खतरा रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य केन्द्र की सफाई, जल निकासी, झाड़ी कटाई, परिसर में मिट्टी भराई व विकास एवं पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

*1851. श्री संजय कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-03 नरकटियागंज)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नरकटियागंज प्रखंड अंतर्गत बनवरिया शिव मंदिर ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष में कई बार भव्य मेला का आयोजन होता है तथा लाखों लोग भगवान शिव का दर्शन करने आते हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि शिव मंदिर के दोनों तरफ कई एकड़ सरकारी जमीन एवं एक बड़ा तालाब अवस्थित है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन एवं बाउंड्री का निर्माण कराना

*1852. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां (अ0 जा0))--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत बोचहां स्वास्थ्य केन्द्र का भवन एवं बाउंड्री नहीं रहने के कारण स्वास्थ्य कर्मियों एवं रोगियों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य केन्द्र, बोचहां के भवन एवं बाउंड्री का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सकों का प्रमाण

*1853. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत सदर अस्पताल में वर्तमान में एनेस्थिसिया डॉक्टर की स्वीकृत तीन शिशु रोग विशेषज्ञ (पेडियाट्रिशियन) डॉक्टरों एवं स्त्री एवं प्रसूति रोग (गायनी) विशेषज्ञ के पद रिक्त होने के कारण शल्य चिकित्सा, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं एवं सामान्य उपचार कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को दूर कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

*1854. मो0 गुलाम सरवर (क्षेत्र संख्या-57 बायसी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत बायसी प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद संचालित नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन में पारा मेडिकल कर्मी की प्रतिनियुक्ति करते हुए उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण एवं पदस्थापन कराना

*1855. श्री राधाचरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अंतर्गत उदवंतनगर प्रखंड अंतर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बेलाउर का भवन जर्जर होकर ध्वस्त हो गया है तथा स्वीकृत पद के विरुद्ध स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध नहीं रहने के कारण मरीजों को इलाज में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण तथा स्वास्थ्य कर्मियों के पदस्थापन का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रोत्साहन राशि का भुगतान

*1856. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के मोरवा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत मोरवा, ताजपुर और शाहपुर पटोरी प्रखंडों में प्रसूति महिलाओं का प्रोत्साहन राशि का भुगतान मार्च, 2025 से नहीं किया गया है, जिस कारण लाभुकों में असंतोष है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपरोक्त प्रखंडों के लाभुकों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुनिश्चित करना

*1857. श्री भीषम प्रताप सिंह (क्षेत्र संख्या-106 जीरादेई)--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अंतर्गत मैरवा बाजार में स्थित बाबा हरेराम ब्रह्म स्थान भारत का प्रसिद्ध धार्मिक स्थानों में से एक है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाबा हरेराम ब्रह्म स्थान की पूजा-अर्चना एवं दर्शन करने के लिए पूरे बिहार, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से लोग आते हैं, परंतु ठहरने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण श्रद्धालुओं में असंतोष रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान का जीर्णोद्धार कराकर एवं श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए धर्मशाला की व्यवस्था सुनिश्चित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

उपकेन्द्र का निर्माण

*1858. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड के 26 ग्राम पंचायतों तथा नगर पंचायत, जोकीहाट में अवस्थित विद्युत् उपभोक्ताओं को विद्युत् की आपूर्ति विद्युत् शक्ति उपकेन्द्र, जोकीहाट तथा महलगांव से की जाती है, उक्त विद्युत् शक्ति उपकेन्द्रों की क्षमता से उपभोक्ताओं की संख्या अधिक होने के कारण प्राय: विद्युत् समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसके कारण उक्त उपभोक्ताओं को नियमित विद्युत् आपूर्ति नहीं हो पाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक जोकीहाट प्रखंड के मलेरिया ग्राम पंचायत में विद्युत् शक्ति उपकेन्द्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*1859. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत मधुरापुर पंचायत के वार्ड नं0 10 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पशुओं का शयनगाह बना दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त केन्द्र को अतिक्रमण मुक्त कर 6 बेड का अतिरिक्त प्रखंड स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मेदांता रेफर करना

*1860. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के कुल 12 सरकारी मेडिकल कॉलेज और 15 जिला अस्पतालों के मरीजों को समझौता के तहत मेदांता रेफर करने की अनुमति दी है जबकि जानकारी के अभाव में मरीजों को सरकारी अस्पतालों यथा पी0एम0सी0एच0, एन0एम0सी0एच0, एम्स इत्यादि में रेफर की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा 15 जिला अस्पतालों को मेदांता रेफर करने की अनुमति दी गई है जबकि समस्तीपुर सदर अस्पताल इससे वंचित हैं जिससे यहाँ के गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त एकरारनामा के तहत सभी मेडिकल कॉलेजों में प्रचार-प्रसार कराने एवं समस्तीपुर सदर अस्पताल को भी गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को मेदांता रेफर करने की अनुमति देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधाओं की उपलब्धता

*1861. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं के अन्तर्गत सदर अस्पताल, बारसोई में महिला रोगियों के बेहतर उपचार हेतु स्त्री-रोग विशेषज्ञों (Gynecologists) तथा सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी (GNM) कर्मियों की प्रतिनियुक्ति नहीं रहने के कारण उपचार कराने में कठिनाई होती है, सरकार उक्त अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं GNM की प्रतिनियुक्ति तथा रक्त बैंक की स्थापना, मानक ऑपरेशन थिएटर परिसर के निर्माण के साथ-साथ सोनोग्राफी, पैथोलॉजी एवं अन्य आधुनिक जाँच सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्देश निर्गत करना

*1862. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत गौड़ाबौराम प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संचालन छोटे से जर्जर भवन में किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छोटे और पुराने भवन में संचालित होने के कारण कई मरीजों को काफी दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि आसी गांव में +2 उच्च विद्यालय के निकट स्वास्थ्य केन्द्र के लिये बने हुये नवनिर्मित भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन किये जाने पर लोगों को बेहतर उपचार एवं सुविधा प्राप्त हो सकेगी ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के आसी में संचालन हेतु निर्देश निर्गत करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कफ सिरप की आपूर्ति

*1863. श्री विशाल प्रशांत (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजस्थान में Dextromethorphan कफ सिरप से नवजात बच्चों की मृत्यु के बाद बिहार में भी उक्त कफ सिरप प्रतिबंधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सरकारी अस्पताल में उक्त सिरप के प्रतिबंधित होने के कारण Dextromethorphan कफ सिरप के स्थान पर अन्य कफ सिरप की आपूर्ति नहीं की जा रही है, जिसके कारण मरीजों को बाजार से क्रय करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पतालों में प्रतिबंधित Dextromethorphan कफ सिरप के बदले अन्य कफ सिरप की आपूर्ति कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापन करना

*1864. श्री निरंजन कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-71 बिहारीगंज)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहारीगंज, विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बिहारीगंज एवं ग्वालपाड़ा प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (C.H.C.) संचालित करने हेतु वर्ष 2020-21 में ही भवन का निर्माण किया गया है, परंतु उक्त भवन में अबतक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित नहीं किये जाने से मरीजों को ससमय इलाज का लाभ नहीं मिल पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये निर्मित भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित कराने के साथ स्वीकृत पद के अनुरूप चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा कर्मी को पदस्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति

*1865. श्री बबलू कुमार (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला की जनसंख्या लगभग 20 लाख है, जहां मेडिकल कॉलेज से वंचित रहने के कारण गंभीर बीमारियों के लिये मरीजों को भागलपुर, दरभंगा एवं पटना जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खगड़िया में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है परन्तु अबतक स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार चालू वित्तीय वर्ष में खगड़िया में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण करना

*1866. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत गोराडीह प्रखंड अन्तर्गत उप-स्वास्थ्य केन्द्र, घीया भवनहीन है, जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त केन्द्र के भवन निर्माण हेतु ग्राम-घीया, मौजा-घीया, थाना नम्बर-48, खाता 132, खेसरा-226, रकबा 25 डिसमिल सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उपलब्ध सरकारी भूमि पर उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

जीर्णोद्धार करना

*1867. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत गिद्धौर प्रखंड के गिद्धौर में अवस्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक बूढ़ा नाथ मंदिर एवं मंदिर स्थित शिवगंग जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मंदिर दर्शन के लिये आनेवाले भक्तों को उक्त स्थान पर समुचित व्यवस्था के आभाव में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त शिवगंग एवं मंदिर परिसर में आनेवाले भक्तों के लिये समुचित व्यवस्था के साथ ऐतिहासिक मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन जीर्ण-शीर्ण

*1868. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत बरारी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित रेफरल अस्पताल का भवण जीर्ण-शीर्ण एवं मूलभूत सुविधा का अभाव रहने के कारण मरीजों का इलाज ससमय नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल का जीर्णोद्धार एवं मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराकर मरीजों का ससमय इलाज कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*1869. श्री जितेन्द्र कुमार राय (क्षेत्र संख्या-117 मढ़ौरा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला अन्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, मढ़ौरा एवं समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नगरा में स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों का पद विगत 2 वर्षों से रिक्त है, जिसके कारण आमजनता को इलाज कराने में काफी कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अस्पतालों में उपरोक्त वर्णित विशेषज्ञ चिकित्सकों का पदस्थापन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी का निर्माण

*1870. श्री हरिनारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हरनौत प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरनौत का भवन निर्माण कार्य जारी है, जो लगभग 5-6 माह में पूर्ण हो जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल के भवन निर्माण के साथ चहारदीवारी निर्माण एवं अस्पताल परिसर में मिट्टी भराई का प्राक्कलन नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरनौत में अस्पताल के चारों ओर चहारदीवारी निर्माण एवं अस्पताल परिसर में मिट्टी भराई कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पदस्थापित करना

*1871. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधानुसार तीन वर्ष के अन्तराल पर पदाधिकारियों/कर्मचारियों के स्थानांतरण का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अन्तर्गत अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक, चक्षु सहायक एवं परिचारिका श्रेणी 'A'(GNM) विगत दस वर्षों से पदस्थापित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अनुमंडलीय अस्पताल, दानापुर में प्रतिनियुक्त उक्त पदाधिकारियों/कर्मचारियों को सरकारी प्रावधान के आलोक में अन्यत्र पदस्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

क्षमता बढ़ाना

*1872. श्री रूहेल रंजन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के एकंगरसराय स्थित 132 के०वी० विद्युत् उप-केन्द्र की वर्तमान क्षमता 80 MVA है, जो एकंगरसराय, हिलसा, इस्लामपुर एवं कराय परसुराय क्षेत्रों को विद्युत् आपूर्ति हेतु प्रयाप्त नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उप-केन्द्र की अतिरिक्त क्षमता वृद्धि कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पटना :
दिनांक 20 फरवरी, 2026 (ई०)।

ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

बि०स०मु० - 36 (एल०ए०), 2025-26 डी०टी०पी०-600

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026